Delay in the Commissioning of Doordarshan Kendra at Itanagar

2782. SHRI NYODEK YONGGAM: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) what is the reason for delay in the commissioning of Doordarshan Kendra at Itanagar, Arunachal Pradesh; and

(b) by when it is likely to be commissioned?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K.P. SINGH DEO): (a) and (b) Due to dispute with the contractors to whom electrical and Air conditioning work had been awarded, the project has experienced delay. The Kendra is expected to be ready by 1995.

आकाशवाणी और दूरदर्शन का आधुनिकरण और विस्तारण

2783. **श्री गोपालसिंह जी० सोलंकी:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में आकाशवाणी और दूरदर्शन सेवाओं का आधुनिकीकरण और विस्तार करने के लिए कोई विशेष योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो इस योजना की मुख्य विशेषताएं क्या हैं और इसके लिए आठवीं पंचवर्षीय योजना में कितना आवंटन किया गया है और वर्तमान वित्त वर्ष के बजट में कितनी धनराशि निर्धारित की गई है;

(ग) क्या आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क के कार्यक्रम के सभी लोगों तक और सभी क्षेत्रों में प्रसारित किये जाने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के०पी० सिंह देव): (क) आकाशवाणी और दूरदर्शन सेवाओं का आधुनिकीकरण और विस्तार एक सतत प्रक्रिया है।

(ख) आकाशवाणी और दूरदर्शन के लिए आठवीं पंचवर्षीय योजना में आवंटन क्रमशः 1134.95 करोड़ रुपये और 2300.00 करोड़ रुपये है। चालू वित्त वर्ष के दौरान आकाशवाणी और दूरदर्शन के लिए आवंटन क्रमशः 132.32 करोड़ रुपये और 256.00 करोड़ रुपये है। अन्य मुख्य बातें विवरण-I में दी गई हैं। (नीचे देखिए)

(ग) और (घ) आकाशवाणी और दूरदर्शन के कार्यक्रम देश के सभी लोगों और क्षेत्रों के लिए रिले किए जाते हैं। ब्यौरा विवरण-II में दिया गया है।

विवरण-I

आकाशवाणी

(क) आकाशवाणी केन्द्रों की स्थापना/ट्रांसमीटरों की प्रतिष्ठापना और विद्यमान केन्द्रों में सुविधाओं के विस्तार द्वारा घरेलू और विदेशी सेवाओं का समेकन करना।

(ख) पुराने उपस्करों को बदलना।

(ग) एफ०एम० ट्रांसमिशन का संवर्धन और विस्तार करना।

दूरदर्शन

देश में टी०वी० कवरेज में सुधार करने की दृष्टि से, विभिन्न शक्तियों के 358 ट्रांसमीटर कार्यान्वयनाधीन/स्थापित किए जाने के लिए परिकल्पित हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों, पहाड़ी और जनजातीय क्षेत्रों में कवरेज को सुदृढ़ करने की प्राथमिकता दी जा रही है।